www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-233 सागवाड़ा, शनिवार, 30 अप्रैल, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# परिष्कार ग्रुप ऑफ एजुकेशन के खिलाफ धंबोला पुलिस थाने में मामला दर्ज

## चौरासी विधायक राजकुमार रोत पीड़ितों के साथ पहुंचे थाने



**सीमलवाड़ा।** आदिवासी गरीब युवा बेरोजगारो के साथ जीएनएम करवाने के नाम धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शनिवार को परिष्कार एजुकेशन संस्था मे फर्जीवड़े के खिलाफ चौरासी के धम्बोला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। चार वर्ष का जीएनएम कोर्स जो 2016 से प्रथम बेस 250 छात्र – छात्रा और सेकण्ड बेस 50 छात्र – छात्रा सीमलवाड़ा, पीठ के विभिन्न स्थानों पर फर्जी संस्था चला कर गरीब बच्चों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे एंठे गए। उसी तरह डूंगरपुर मे भी फर्जी संस्था कि धोखाधडी पर डूंगरपुर कोतवाली मे पहले भी मुकदमा दर्ज किया गया था परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई। चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने स्वयं धम्बोला थाने मे जा कर धम्बोला थाना प्रभारी सीआई भैया लाल आंजना से मिल कर विधार्थियो के मूल दस्तावेज, रसीद, अटेंडेंस रजिस्टर आदि जब्त कर के जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। चौरासी विधायक ने पुरे संभाग मे आदिवासी बाहुल्य मे हो रहे फर्जीवड़े के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सीआई भैया लाल आंजना को अवगत करवाते हुए पुरे संभाग क्षेत्र में गरीब बच्चों को न्याय नहीं मिला तो पुरे संभाग मे आंदोलन करने की चेतावनी दी है। धम्बोला सीआई ने भी फर्जी संस्थाओ पर जाँच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आस्वासन दिया है।

सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि परिष्कार ग्रुप ऑफ एजुकेशन प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच एसआई रतन लाल को सौंपी है।

# रतनपुर चोकी पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब से भरा कंटेनर

## 65 लाख कीमत के 820 कार्टन किये बरामद, चालक को किया गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाने की रतनपुर चोकी पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी है रतनपुर चौकी पुलिस ने एनएच-48 पर राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर अवैध शराब से भरे एक कंटेनर को जब्त किया है। पुलिस ने कंटेनर से अवैध शराब के 820 कार्टन बरामद किये है। जिसकी कीमत करीब 65 लाख रुपए बताई जा रही है। वही पुलिस ने कंटेनर चालक को भी गिरफ्तार किया है। बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज सुबह मुखबिर के जरिये एनएच-48 पर राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर से अवैध शराब तस्करी की सुचना मिली थी।

मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर बिछीवाडा थाने की रतनपुर चौकी पुलिस के प्रभारी हैड कांस्टेबल सुशील दशोरा, कांस्टेबल वासिम खान, जितेन्द्र सिंह, कुनाल व देवीसिंह की टीम ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान पुलिस की टीम ने उदयपुर की ओर से आ रहे राजस्थान नम्बर के एक बंद बोडी कंटेनर को रुकवाया। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो कंटेनर में काले रंग के तिरपाल के नीचे हरियाणा निर्मित अवैध शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस की टीम ने कंटेनर व शराब को जब्त किया वही कंटेनर चालक को हिरासत में लिया।

## अशोक गहलोत के नेतृत्व में लड़ा जाएगा अगला विधानसभा चुनाव : धारीवाल



**जयपुर।** पिछले दिनों से सचिन पायलट के सीएम बनने और राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बदले जाने की चर्चा के बीच यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का बड़ा बयान आया है। दिल्ली में धारीवाल ने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। राजस्थान में अधिकांश विधायक और लोग भी गहलोत के साथ है। धारीवाल ने कहा कि पंजाब के हालात अलग है। वहां विधायक मुख्यमंत्री के साथ नहीं थे। राजस्थान में हालात अलग है। यहां पर अधिकांश विधायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ है। मुख्यमंत्री के तौर पर वे गहलोत को ही बने हुए देखना चाहते है।

# सागवाड़ा में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सागवाड़ा।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिश पाटीदार के नेतृत्व में शनिवार को जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए साथ ही भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिश पाटीदार के नेतृत्व में सागवाड़ा तहसीलदार मयूर शर्मा को सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध, आम नागरिकों की दैनिक जीवन की मंहगाई, सुरक्षा, बिजली, पेयजल, रोजगार, खाद्य, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा समस्त मूलभूत सुविधाओं को जनहित में अविलम्ब नियमित कर आमजन को राहत प्रदान करने के लिए राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा। पाटीदार ने गहलोत सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। साथ ही कांग्रेस सरकार के राज में महिलाएं एवं बेटियां सुरक्षित नहीं है। राज्य में आए दिन गेंग रेप एवं बलात्कार के मामले बढ़ रहे है। वहीं सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है। प्रदेश की जनता में हाहाकार मचा हुआ है। राज्य में अघोषित बिजली क टौती से बच्चों की परीक्षाएं प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सता में आने के लिए किए सभी वादे भूल गई है, ऐसे में प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को विदाई देने को आतुर है। पाटीदार ने इन ज्वलंत समस्याओं पर गंभीरता एवं संवेदना पूर्वक विचार कर राज्य सरकार से समस्याओं का अविलम्ब निराकरण करवा कर आम नागरिकों को जीने का संबल प्रदान करने की अपील की है।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मण्डल अध्यक्ष सहित कई प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताएवं पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर तहसील कार्यालय तक नारेबाजी कर पैदल मार्च निकाला और गहलोत सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

## राजस्थान के 9 शहरों का पारा 45 पार

**जयपुर।** राजस्थान में अप्रैल महीने के आखिरी दिन भी गर्मी के तेवर तेज रहे। राज्य के 9 शहरों में आज दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। धौलपुर में लगातार तीसरे दिन पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। दिन ही नहीं रात में भी तेज गर्मी पड़ने लगी है। फलौदी में बीती रात न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर रहा। वहीं, रेगिस्तानी इलाके बाड़मेर में बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग की मानें तो 2-3 मई को मौसम में बदलाव हो सकता है। यहां पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में आंधी और बारिश होने के भी प्रबल आसार हैं।

# केंद्र की मोदी सरकार अपनी अव्यवस्थाओं का ठीकरा प्रदेश सरकारों पर फोड़ रही-भगोरा

## पूर्व सांसद ने विद्युत कटौती ओर महंगाई पर किया पलटवार

**डूँगरपुर।** हरियाणा राज्य पीआरओ व डूँगरपुर-बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने विद्युत कटौती ओर महंगाई पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते कहा कि अपनी नाकामियों को छिपाने केंद्र की मोदी सरकार इससे बचने अब ठीकरा राज्य सरकारों पर फोड़ रही है देश मे आज महंगाई व विद्युत कटौती से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित है ओर भाजपा नेता राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध जता रहे है।

पूर्व सांसद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज देश भर में महंगाई चरम सीमा पर है देश की जनता कठिनाइयों में जीवन यापन करने विवश है पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस के दामों ने लोगो के घरों का बजट भी गड़बड़ा दिया है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षा भी शुरू है,शादियों का सीजन चल रहा है केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करें कि देश भर में बिजली संयंत्रों को पर्याप्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति कराएं कोयले की कमी के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है जबकि इसका ठीकरा राज्य सरकारों पर डाला जा रहा है।

पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि ये केंद्र की मोदी सरकार के कुशासन ओर कुप्रबंधन की वजह से देश मे भीषण गर्मी के दौरान बिजली संकट पैदा हो गया है ओर जनता पर महंगाई व बिजली संकट दोनों की दोहरी मार पड़ रही है जबकि भाजपाई अपनी सरकार को बचाने राज्य सरकार के ऊपर दोषारोपण कर जनता को भ्रमित कर रहे है।

## पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ जिले के शराब ठेकेदार लामबंद

# जिलेभर की शराब की दुकानें रही बंद, 2 करोड़ के राजस्व का हुआ नुकसान



**डूंगरपुर।** जिले की धम्बोला थाना पुलिस द्वारा सरकारी शराब ठेका संचालक के पिता पर कथित रूप से फर्जी मुकदमा दर्ज करने व सीमलवाडा क्षेत्र में शराब की दुकानों के बाहर पुलिस का पहरे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सरकारी ठेका संचालकों ने पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए आज जिले भर में शराब की दुकानें बंद रखी और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौपा।

इधर जिले में शराब की 50 दुकाने बंद होने से करीब 2 करोड़ के राजस्व का नुकसान भी हुआ है। शराब अनुज्ञधारी रितेश कलाल ने बताया कि झोंथरी निवासी ललित पटेल के नाम से झोंथरी में ओर ललित की माँ के नाम से चाडोली में शराब की लाइसेंसी दुकान है। वही ललित के पिता चंदूलाल पटेल के नाम से कोई शराब की दुकान नही है। इधर धम्बोला थाना पोलिस ने 6 अप्रैल को पुनावाड़ा ठेके से 5 कार्टन बियर खरीद कर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था और मामले में चंदूलाल पटेल को भी आरोपी बनाया था। रितेश कलाल ने बताया कि चंदूलाल पटेल का पुनावाड़ा दुकान से कोई संबंध नही है और न ही वो वंहा मौजूद थे फिर भी पुलिस ने ललित पटेल पर दबाव बनाने के लिए उनके पिता चंदूलाल पटेल पर झूठा मुकदमा दर्ज किया। साथ ही 3 दिन पहले पुनावाड़ा, झोंतरी, चाडोली ओर सरथुना की सरकारी शराब दुकानों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए जिसकी वजह से दुकानों पर ग्राहक आना बंद हो गए। शराब व्यापारियों ने पुलिस पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए 28 अप्रैल को चारो दुकानें बंद कर चाबियां आबकारी को सौप दी थी। इस पूरे मामले में पुलिस की ओर राहत नही मिलने पर आज जिले के सभी ठेका संचालकों ने आज एक दिन के लिए अपनी दुकानें बंद रखी और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौपा है। रितेश कलाल ने बताया कि सरकार और प्रशासन अगर मामले में सह्योग नही करता है तो आने वाले समय मे अन्य दुकानें भी बंद कर चाबियां आबकारी विभाग को सौप ढ़ी जाएगी। इधर जिले में एक दिन दुकानें बंद रहने से सरकार को करीब 2 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है।

## शहरवासी गिला कचरा अलग और सूखा कचरा अलग रखकर कचरा वाहन में डाले

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया के दिशा निर्देश के अनुसार नगर पालिका सागवाड़ा की सहयोगी संस्था सृजन सेवा संस्था की ओर से शहर के वार्ड नंबर 10 खटीकवाड़ा में स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। बैठक में उपस्थित सभी रहवासियों को टीम सृजन सेवा संस्था द्वारा बताया गया कि अपने अपने घरों से निकलने वाले कचरे को 2 अलग – अलग कचरा पात्र में डाले। गिला कचरा अलग और सूखा कचरा अलग रखकर कचरा वाहन में डाले। ओर इसी के साथ उनको बताया गया कि कचरे को कहीं भी इधर उधर खाली प्लॉट, नाले, नालियों में ना डाले। अपने मोहल्ले, कॉलोनी और अपने शहर को साफ स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने में सहयोग करे।

कचरा संग्रहण से लेकर किस तरह उसका पूर्ण निस्तारण किया जाता है उसकी प्रक्रिया बताई गई। गिले कचरे से होम कम्पोस्टिंग (जैविक खाद) बनाने की पूरी प्रक्रिया बताई गई। शिकायत संबधित जानकारी दी गई।

बैठक में परियोजना समन्वयक कैलाश चौहान, टीम लीडर राकेश डांगी, सहायक परियोजना समन्वयक चिराग, सचिन, राजेश, हितेश मौजूद रहे।

# गांव के युवक ने ही खड़गदा गणपति मंदिर से चुराए थे चांदी के छत्र, 3 दिन में आरोपी गिरफ्तार



**डूंगरपुर।** खडगदा गांव के गणपति मंदिर से चांदी के छत्र और माताजी मंदिर के ताले टूटने की घटना का पुलिस ने 3 दिन में ही खुलासा कर दिया है। सागवाड़ा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गांव के युवक ने ही मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की 27 अप्रैल को खडगदा के सिद्धि विनायक गणपति मंदिर और माताजी मंदिर में चोरी की वारदात हुई थी। चोर गणपति मंदिर से चांदी के छत्र चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद गांव के लोगों में जबर्दस्त आक्रोश था। 29 अप्रैल को शशिकांत पुरोहित ने चोरी का केस दर्ज करवाया था। थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी के साथ हेड कांस्टेबल हरि सिंह, भूपेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, भीमराज की टीम जांच में जुट गई। पुलिस ने घटना से जुड़े कई सीसीटीवी खंगाले। मुखबिर तंत्र से चोरों की तलाश की तो कई अहम सुराग मिले। सूचना पुख्ता होने पर पुलिस ने गणेश (38) पुत्र रावजी रोत निवासी खडगदा को खेतों में घेरा डालकर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से गांव में अलग अलग जगहों पर छुपकर रह रहा था। पुलिस ने मामले में चोरी हुए छत्र भी बरामद कर लिए है। थानाधिकारी ने बताया की आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिसमें चोरी की दूसरी कई वारदाते खुलने की भी संभावना है।

